दिनांकः 09.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज प्रदेश दौरे पर रहे–उन्होंने किसानों को अपने उत्पादों को व्यापार से जोड़ने और सहकारिता का लाभ लेने का आह्वान किया।
- प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक 40 करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कल महाकुम्भ में पवित्र स्नान का कार्यक्रम।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत करेगे।
- जयपुर में आज से **भारत रंग महोत्सव** की शुरूआत–पांच देशों के कलाकारों की नाट्य प्रस्तुति होगी।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज प्रदेश के दौरे पर रहे। श्री धनखड़ ने चित्तौडगढ़ के मातृ कुण्डिया में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। श्री धनखड़ ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री धनखड ने कहा कि देश में सात सौ 30 से भी ज्यादा किसान अनुसंधान केन्द्र हैं। किसानों को अपने क्षेत्र के अनुसंधान केन्द्र पर जरूर जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को अपने उत्पादों को व्यापार से जोड़ना चाहिए। सहकारिता का फायदा लेते हुए कृषि उत्पादन के साथ ही पशुधन की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को अपने उत्पादों के व्यापार से जुड़ना चाहिए। साथ ही मार्केटिंग पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

-----------------------

उपराष्ट्रपति जगदीप ने उदयपुर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान की भाजपा सरकार को किसान हितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। श्री बिरला आजकोटा के दशहरा मैदान में आयोजित एक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की स्थिति बदलने से ही देश का सही मायनों में विकास होगा। श्री बिरला ने किसानों से कृषि उत्पादन बढाने और नवाचार करने का आह्वान किया।

-----------------------

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के बेहतर जीवन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से ही प्रदेश का उत्थान होगा।

-----------------------

0000

**समाचार महाकुंभ से –**

--------------

प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज में मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर तीन अमृत स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा। इस बीच, महाकुंभ मेले में जल जीवन

मिशन मंडप, लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है । इस पवेलियन में ग्रामीण जीवन पर इस मिशन के प्रभाव को प्रदर्शित किया जा रहा है। देश के ग्रामीण इलाकों में आ रहे बदलाव को भी प्रदर्शनी में दिखाया जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूकल प्रयागराज महाकुंभ जाएंगी। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति अक्षयवट और हनुमान मंदिर के भी दर्शन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ केंद्र में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की गहनता के बारे में जानकारी लेंगी।

------------------

000

----------------

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। ये कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित किया जायेगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।

परीक्षा पे चर्चा संवादात्मक कार्यक्रम है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी छात्र–छात्राओं को परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास सहित अन्य विषयों में मार्गदर्शन देते हैं। इधर प्रदेश में भी कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह है। कोटपुतली–बहरोड़ जिले के पावटा के जवाहर नवोदय विद्यालय के अध्यापक के डी मीणा और प्रेमचंद सैनी ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को छात्रों के मार्गदर्शन के लिए बेहतरीन पहल बताया। वहीं विद्यालय की छात्रा मोनिका चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम से हमें परीक्षा में बेहतर करने की सीख मिलती है।

--------------

000

केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव आज कोटपुतली–बहरोड के दौरे पर रहे। उन्होंने बानसूर के माजरा अहीर गांव में शहीद सूबेदार गिर्राज प्रसाद यादव के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ग्रामीणों से बातचीत भी की।

000

उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने आज पाली जिले के सोजत में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री बैरवा ने तीन सौ प्रतिभावान छात्र–छात्राओं और विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया। श्री बैरवा ने अपने सम्बोधन में युवा प्रतिभाओं से देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं । नई पीढ़ी को संस्कारवान बनना चाहिए। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने जिले के रायपुर में जनसुनवाई भी की।

000

झालावाड जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों रबी की फसल परवान पर है। खेत धनिया, गेहूं, चना, सरसों, मेंथी, मसूर और अन्य फसलों से लहलहाते नजर आ रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि झालावाड़ का समूचा परिवेश इन दिनों धनिए की खुशबू से महक रहा है।

---------------

000

जयपुर में आज से **भारत रंग महोत्सव** शुरू हुआ। पांच दिन चलने वाले इस थियेटर फेस्टिवल में स्पेन, इटली, ताईवान और चैक रिपब्लिक से आये कलाकारों की नाट्य प्रस्तुति होगी। महोत्सव के पहले दिन आज नॉर्वे के रंगकर्मी **द रोज़** नाटक का मंचन कर रहे हैं। इस रंग महोत्सव का आयोजन संस्कृति मंत्रालय और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की ओर से राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में किया जा रहा है। एनएसडी के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने बताया कि एक रंग– श्रेष्ठ रंग को अपनाते हुए इसका आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा रंगमंच सभी को एकजुट करता है। साथ ही रचनात्मकता उत्कृष्टता और एकता का उत्सव मनाता है।

000

स्वर्ण नगरी जैसलमेर में आज से मरू महोत्सव का आगाज हुआ। महोत्सव की शुरूआत पोकरण के महादेव मन्दिर में पूजा–अर्चना और शोभा यात्रा के साथ हुई। महोत्सव में अन्य कार्यक्रमों के साथ मिस पोकरण

प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। वहीं साफा बांधों और रस्साकशी प्रतियोगिताओं ने भी प्रतिभागी और दर्शकों को रोमांचित किया।

000

भरतपुर में इन दिनों फ्लॉवर शो चल रहा है। विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में चल रहे इस उत्सव में लगभग 200 प्रजातियों के 10 हजार से ज्यादा फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं। इनमें सजावटी, सब्जी, मसालों के पौधों के अलावा औषधीय पौधेभी शामिल है। फूलों के अलावा प्रदर्शनी में कई दुर्लभ कैक्टस भी लगाये गये हैं। प्रदर्शनी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। प्रदर्शनी में आज कई प्रतियोगिताएं भी हुई।

**खबरें खेल जगत से–**

38वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान के दल ने अब तक विभिन्न मुकाबलों में 31 पदक हासिल किए हैं। उत्तराखण्ड में चल रहे इन खेलों में राजस्थान ने 7 स्वर्ण, 7 रजत और 17 कांस्य पदक जीते किए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच आज ओडिशा के कटक में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 304 रन बनाए।

थाईलैंड में चल रहे पैरा–तीरंदाजी एशिया कप में भारतीय पैरा–तीरंदाजों ने आज रिकर्व ओपन और कंपाउंड ओपन मिक्स्ड टीम स्पर्धाओं में दो और स्वर्ण पदक जीते हैं। इसके साथ ही भारत अब तक चार स्वर्ण और दो रजत सहित छह पदक जीत चुका है।

000

प्रदेश में चलायी जा रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज डूंगरपुर से विशेष रेलगाडी रामेश्वरम के लिए रवाना हुई। इसमें डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों के 380 तीर्थ यात्री शामिल है। देवस्थान विभाग के सहायक उपायुक्त सुनील मत्तड़ ने बताया कि इस रेलगाड़ी में उदयपुर से भी करीब 390 यात्री सवार होगें। उन्होंने बताया कि देवस्थान विभाग की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए आवास और भोजन सहित कई व्यवस्थाएं की गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0** पर भेज सकते हैं। **1922** नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000